सं.ई-16011/1/2003-हिन्दी (पार्ट)

भारत सरकार

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

राजभाषा कार्यान्वयन अनुभाग

सरदार पटेल भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 06 फरवरी, 2013

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, सरदार पटेल भवन के राजभाषा अनुभाग में परामर्शदाता (consultant) के 4 (चार) पदों के लिए विज्ञापन की तारीख से 15 दिनों के भीतर अर्थात् दिनांक 21.02.2013 तक इच्छुक तथा पात्र अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में ई-मेल के माध्यम से तथा/अथवा हार्ड कॉपी के रूप में व्यक्तिगत रूप से आकर अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा अपने शैक्षिक एवं कार्य संबंधी संक्षिप्त अनुभव का विवरण संलग्न करते हुए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं । आवेदन पत्र का प्रपत्र संलग्न है ।

परामर्शदाता के पदों की संख्या: 4 (चार)

(क) शैक्षिक योग्यता/अनुभव/पात्रता:

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा के किसी नियमित पद से सेवानिवृत्त तथा अनुवाद/राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी कार्य में रुचि व अनुभव रखने वाले सभी व्यक्ति ।

(ख) आयु सीमा: दिनांक 06.02.2013 को 65 वर्ष से अधिक न हो तथा कार्यालय आकर कार्य करने में सक्षम हों ।

(ग) चयन तथा पारिश्रमिक:

(i) चयन संबंधी कार्य, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की परामर्शी मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा ।

(ii) चयनित उम्मीदवारों को सामान्यत: एक (1) वर्ष की अवधि के लिए संविदा आधार पर रखा जाएगा । तथापि, सौंपे गए कार्य को संतोषजनक ढंग से सम्पन्न नहीं किए जाने की स्थिति में तथा परामर्शी सेवा को जारी रखने की वास्तविक जरूरत के आकलन के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा उक्त संविदा को संविदा-अवधि के भीतर भी समाप्त किया जा सकता है ।

(iii) चयनित परामर्शदाता को संबंधित सहायक निदेशक/उप निदेशक द्वारा कार्य के संतोषजनक निष्पादन संबंधी प्रमाण-पत्र के आधार पर सक्षम प्राधिकारी की संस्तुति से प्रतिमाह 30,000/- रु. (तीस हजार रुपए मात्र) प्रदान किए जाने की संभावना है । यह उनके लिए समेकित भुगतान होगा और इसके अलावा उन्हें डीए/एचआरए/सीसीए या अन्य लाभ या सरकारी आवास प्रदान नहीं किया जाएगा ।

(iv) परामर्शी सेवा ग्रहण करने, चयन के संबंध में बुलाने पर उपस्थित होने आदि के लिए टीए/डीए अनुमत्य नहीं होगा ।

सुवर्चा वसुदेव 6/2/13

(सुवर्चा वसुदेव)

उप निदेशक (रा.भा.)

दूरभाष: 23345597/23340538

आवेदन पत्र का प्रपत्र

1. आवेदक का नाम :
2. जन्म तिथि (प्रमाण-पत्र की स्वच्छ प्रति संलग्न करें) :
3. पिता का नाम :
4. लिंग: स्त्री/पुरुष :
5. शैक्षिक योग्यता :
6. अतिरिक्त योग्यता (यदि कोई हो) :
7. केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा में किसी : पद/पदों पर अनुवाद कार्य (अंग्रेजी से हिन्दी/ हिन्दी से अंग्रेजी) तथा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन एवं संबंधित कार्यों का अनुभव
8. सरकारी सेवा से निवृत्त होने की तारीख : (तत्संबंधी प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करें)
9. सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति के समय धारित पद :
10. वर्तमान आवासीय पता :
11. पत्राचार का पता :
12 ई-मेल आईडी (यदि कोई हो) :
13. दूरभाष सं.(टेलीफोन/मोबाइल) :
14. कोई अन्य सूचना :

दिनांक:
स्थान:

आवेदक के हस्ताक्षर

इच्छुक व्यक्ति उपर्युक्त प्रोफार्मा (एतदद्वारा संलग्न) में अपना आवेदन निम्नलिखित पते पर दिनांक 21.02.2013 तक अवश्य भेज दें ।

उप निदेशक (रा.भा.)
कमरा सं. 223 ई,
द्‌वितीय तल, सरदार पटेल भवन,
संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001
ईमेल: statpiol@gmail.com